पुलिस प्रशासन में बदलाव की आवश्यकता : सिंह

पत्रकारों से बातचीत करते अरीदमन सिंह (कश्यप)

अम्बाला छावनी, 5 मई (अलीशा): आम जनता व अग्रिम पंक्ति पुलिस अधिकारियों के नजरिए से पुलिस ढांचे में परिवर्तन ही संस्था निशान का उद्देश्य है। यह कहना है कि गैर सामाजिक संस्था निशान के संस्थापक व बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त अरीदमन जीत सिंह का। छावनी रैस्ट हाऊस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य गांवों में ग्राम सभाएं आयोजित कर लोगों में पुलिस के प्रति जागृति लाना व प्रजातांत्रिक अपेक्षा की जानकारी लेना है। इसके अतिरिक्त जिला पुलिस मुख्यालयों पर प्रजातांत्रिक पुलिस सुधारों से संबंधित कार्यशाला आयोजित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस पुराने ढर्रे पर काम कर रही है। आज का समय बदलाव है। पुलिस प्रशासन में भी बदलाव की आवश्यकता है।